हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज आइकॉन

T.C. NO. MAHHIN10172

संपादक - मुर्तुजा मामाजीवाला | ईमेल: newsicon2021@gmail.com | मूल्य: रु. - 2/-

वर्ष: 1 | अंक: 58 | पृष्ठ: 8 | शुक्रवार 10 जून से 16 जून 2022

## डराने लगी कोरोना की रफ्तार

### फिर हाटस्पाट बनने की राह पर महाराष्ट्र, अकेले मुंबई में 1765 केस



महाराष्ट्र और मुंबई में कोरोना की तेज रफ्तार ने हैरान कर दिया है। महाराष्ट्र एकबार फिर कोरोना संक्रमण का हाटस्पाट बनने की ओर है। महाराष्ट्र में बीते 24 घंटे में कोरोना के 2701 नए मामले सामने आए हैं। अकेले मुंबई में 1765 नए केस दर्ज किए गए हैं। यही नहीं पाजिटिविटी रेट में भी बड़ा उछाल दर्ज किया जा रहा है। वहीं दिल्ली में बीते 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 564 नए मामले सामने आए हैं जबकि एक शख्स की संक्रमण से मौत हो गई है। इसके साथ ही देश में कोरोना संक्रमण के मामले पांच हजार को पार कर गए हैं।महाराष्ट्र में बुधवार को कोरोना संक्रमण के 2,701 नए मामले सामने आए जो लगभग चार महीनों में सबसे अधिक हैं। राज्य में इस साल 17 फरवरी को कोरोना के 2,797 मामले मिले थे।

इसके साथ ही एक्टिव केस की संख्या अब दस हजार के करीब (9,806) पहुंच गई है। महाराष्ट्र में संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर 78,98,815 जबकि महामारी से मरने वालों की संख्या 11,47,866 हो गई है। महाराष्ट्र में मंगलवार को कोरोना के 1,881 नए मामले सामने आए थे जबकि सोमवार को 1,036 मामले मिले थे।

मुंबई में बुधवार को कोविड-19 के 1,765 नए मामले दर्ज किए गए। बीते 26 जनवरी के बाद से ये एक दिन में सर्वाधिक मामले हैं। इससे एक दिन पहले मंगलवार को महानगर में कोरोना के 1,242 मामले सामने आए थे। बता दें .

## मुंबई में मानखुर्द के गोदामों में लगी आग पर काबू



**मुंबई:** गर्मी बढ़ने के साथ ही आग लगने की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। गुरुवार को महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में आग की घटना सामने आई है। मुंबई के मानखुर्द इलाके में स्थित चार गोदामों में भीषण आग लग गई। आग लगने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आग लगने की जानकारी फौरन दमकल केंद्र को दी गई। दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची जिसके बाद आग पर काबू पाया गया। इलाके में रहने वाले लोगों ने इस घटना को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। लोगों का आरोप है कि ये आग जानबूझकर लगाई जाती है। लोगों ने कहा कि साल में दो-तीन बार यहां आग लगाई जाती है। जिससे लोगों को काफी परेशानी होती है। उन्होंने बताया कि गोदाम में ज्वलनशील पदार्थों का व्यापार होता है। यह स्वार्थ और फायदे के लिए लगाए जाने वाली आग है। डीसीपी कृष्णा कांत ने इसको लेकर जानकारी दी है।






# कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच 15 जून से राज्य में खुलेंगे स्कूल



**मुंबईः** पिछले कुछ दिनों से महाराष्ट्र में कोरोना संक्रमण के नए मामलों में काफी तेजी आई है. राज्य के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने लोगों से अपील की है कि सार्वजनिक स्थानों पर मास्क जरूर पहनें. इसी बीच महाराष्ट्र सरकार के मंत्री आदित्य ठाकरे ने राज्य में कोरोना संक्रमण की चौथी लहर की संभावना व्यक्त की है. वहीं महाराष्ट्र की स्कूल शिक्षा मंत्री वर्षा गायकवाड़ ने आज कहा है कि सरकार कोविड-19 की स्थिति का जायता ले रही है और 15 जून को स्कूल खुलेगी. उन्होंने यह भी कहा कि परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए आगे का फैसला लिया जाएगा.न्यूज एजेंसी एएनआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक, वर्षा गायकवाड़ ने कहा है कि स्कूलों को नए एसओपी जारी किए जाएंगे. साथ ही उन्होंने बताया कि फिलहाल स्कूलों में मास्क अनिवार्य नहीं है. मगर परिस्थितियों के अनुसार फैसले में बदलाव देखा जा सकता है.बीते रविवार को महाराष्ट्र में कोरोना के 1,494 नए मामले सामने आए. सिर्फ मुंबई में ही 961 नए मामले दर्ज किए गए. वहीं एक मरीज की मौत हो गई. स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, अब तक राज्य में संक्रमितों की संख्या 78,93,197 हो गई है.रविवार को लगातार चौथ दिन था, जब राज्य में एक हजार से अधिक मामले दर्ज किए गए. स्वास्थ्य विभाग के जारी आंकड़ों के मुताबिक राज्य में फिलहाल 6,767 एक्टिव मामले हैं. बीते रविवार को राज्य में कुल 25,994 सैंपल का टेस्ट किया गया, जिसे मिलाकर महाराष्ट्र में अब तक कुल सैंपल टेस्टों की संख्या 8,10,61,270 हो गई है. वहीं मुंबई में कोरोना का ग्राफ एक बार फिर तेजी से बढ़ रहा है. पिछले 6 दिनों में माया नगरी में कोरोना केसेस में करीब 90 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी आ चुकी है. 31 मई को मुंबई में कोरोनाके 506 मामले मिले थे जबकि 5 जून को 961 मामले दर्ज हुए हैं. तेजी से बढ़ते कोरोना के मामलों ने सरकार की चिंता बढ़ा दी है.

# अभी जेल में ही रहेगा शरद पवार पर टिप्पणी करने वाला आरोपी छात्र

## जमानत याचिका खारिज




**मुंबईः** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के मुखिया दिग्गज नेता शरद पवार के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में 19 मई को मुंबई पुलिस ने निखिल भामरे को गिरफ्तार किया था. दो सप्ताह बीत जाने के बावजूद बंबई हाईकोर्ट ने युवक की जमानत याचिका स्वीकार नहीं की है. अदालत ने आज भामरे की जमानत याचिका को रद्द कर दिया. भामरे ने 11 मई को ट्विटर पर शरद पवार के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां की थी. न्यायमूर्ति एस. एस. शिंदे और न्यायमूर्ति एम. एन. जाधव की खंडपीठ नासिक निवासी निखिल भामरे द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों में उनके खिलाफ दर्ज सभी पांच प्राथमिकी रद्द करने का अनुरोध किया गया है.

बंबई उच्च न्यायालय ने पिछले महीने गिरफ्तार किए गए फामेर्सी के एक छात्र को तत्काल जमानत देने से सोमवार को इनकार कर दिया. उन्होंने यह भी अनुरोध किया कि उनकी याचिका लंबित रहने के दौरान उन्हें जेल से रिहा कर दिया जाए. भामरे के वकील अधिवक्ता सुभाष झा ने अदालत से कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि महाराष्ट्र जैसे राज्य में एक युवक के साथ ऐसा हो रहा है जबकि हम लोकतंत्र में रह रहे हैं.

# बांद्रा पश्चिम के शास्त्री नगर इलाके में दो मंजिला मकान का ढांचा गिरने से 1 व्यक्ति की मौत, 16 लोग घायल



**मुंबई।** मुंबई स्थित बांद्रा पश्चिम के शास्त्री नगर इलाके में 2 मंजिला मकान (जी+2) का ढांचा गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और 16 लोग मामूली रूप से घायल हो गए। मुंबई पुलिस के डीसीपी मंजूनाथ सिंगे ने बताया कि मकान आज (बुधवार) दोपहर करीब 12 बजकर 15 मिनट पर गिर गया जिसकी वजह से एक व्यक्ति की मौत हो गई है और 16 लोग अस्पताल्डीसीपी के आगे बताया कि रेस्क्यू आपरेशन जारी है। दमकल और अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। बीएमसी ने ट्वीट करते हुए कहा कि शास्त्री नगर में मकान ढहने से एक व्यक्ति की दुर्भाग्य से मृत्यु हो गई। हमारे विचार और प्रार्थना उनके परिवार के साथ हैं। 16 लोगों को मामूली चोटें आई है। बीएमसी के अनुसार 3 से लेकर 4 लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। बीएमसी ने बताया कि बचाव अभियान जारी है।



# मुंब्रा पुलिस ने विवादित बयान देने के मामले में नूपुर शर्मा को किया तलब

## 22 जून को करेगी पूछताछ



**मुंबई।** महाराष्ट्र की मुंब्रा पुलिस ने निलंबित भाजपा प्रवक्ता नूपुर शर्मा को 22 जून को उनके विवादास्पद धार्मिक टिप्पणी पर बयान दर्ज करने के लिए तलब किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि नूपुर शर्मा की टिप्पणी के बाद महाराष्ट्र के ठाणे जिले में मुंब्रा पुलिस ने उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। इसलिए उन्हें मुंब्रा पुलिस ने 22 जून को जांच अधिकारी के समक्ष अपना बयान दर्ज कराने के लिए तलब किया है। बता दें, नूपुर शर्मा को पैगंबर मोहम्मद को लेकर दिए गए विवादित बयान के बाद लगातार जान से मारने की धमकी मिल रही हैं, जिसे लेकर उन्होंने दिल्ली पुलिस में शिकायत कर एफआइआर दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पिछले हफ्ते नूपुर शर्मा ने दिल्ली के पुलिस कमिश्नर को ईमेल के जरिए शिकायत की थी कि उन्हें जान से मारने की धमकी मिल रही है। सीपी ने स्पेशल सेल के साइबर क्राइम यूनिट को मेल भेजकर केस दर्ज कर जांच करने को कहा था।

# महाराष्ट्र में राज्यसभा चुनाव में समर्थन के बदले महाविकास आघाड़ी की बांहें मरोड़ने लगे छोटे दल

**मुंबई।** राज्यसभा चुनाव में महाविकास आघाड़ी को समर्थन देने के मुद्दे पर राज्य के छोटे दलों ने उसकी बांहें मरोड़नी शुरू कर दी हैं। दूसरी ओर आघाड़ी के तीनों दल अपने-अपने विधायकों को सुरक्षित स्थानों पर भी ले जाने लगे हैं। महाराष्ट्र में राज्यसभा की छह सीटों के लिए 10 जून को मतदान होना है। इन छह सीटों के लिए सात उम्मीदवार मैदान में हैं, इसलिए राज्यसभा चुनाव में 24 साल बाद मतदान कराने की नौबत आ गई है।विधायक संख्या के हिसाब से शिवसेना, कांग्रेस और राकांपा के एक-एक तथा भाजपा के दो उम्मीदवार आसानी से जीत सकते हैं। लेकिन छठवीं सीट के लिए भाजपा और शिवसेना दोनों ने एक-एक अतिरिक्त उम्मीदवार खड़े कर दिए हैं। यह छठवीं सीट जीतने के लिए भाजपा को अपनी क्षमता से 13 और शिवसेना को उसकी क्षमता से 16 अधिक विधायकों की जरूरत पड़ेगी। चूंकि यह कमी छोटे दलों और



निर्दलीय विधायकों से ही पूरी होनी है, इसलिए छुटभैया दलों व निर्दलियों की पौ बारह हो गई है। दो दिन पहले ही दो विधायकों वाली समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अबू आसिम आजमी ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को पत्र लिखकर कहा था कि वे महाविकास आघाड़ी के कामकाज से पूरी तरह संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने सरकार बनते समय तय किए गए न्यूनतम साझा कार्यक्रमों को पूरा न किए जाने का मुद्दा भी उठाया था। आज उन्हीं की पार्टी के विधायक रईस शेख भी अपने अध्यक्ष की भाषा दोहराते दिखे। यानी सपा ने अभी महाविकास आघाड़ी को समर्थन देने के मुद्दे पर अपने पत्ते नहीं खोले हैं। इसी प्रकार आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने मंगलवार को नांदेड़ में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि यदि आघाड़ी को हमारा समर्थन चाहिए, तो उन्हें हमसे संपर्क करना चाहिए। अब तक आघाड़ी के किसी नेता ने हमसे संपर्क नहीं किया है।औरंगाबाद से एआईएमआईएम सांसद इम्तियाज जलील ने भी कहा है जिन विधानसभा क्षेत्रों से एआईएमआईएम के विधायक जीते हैं, उनसे जुड़े कुछ मुद्दे हैं। उनका निवारण होना चाहिए। यदि सत्तारूढ़ गठबंधन भाजपा को हराना चाहता है, तो उसे हमसे खुलकर समर्थन मांगना चाहिए। बता दें कि महाराष्ट्र में ओवैसी की पार्टी के भी दो विधायक हैं। महाराष्ट्र के एक जिले पालघर में ही सीमित तीन विधायकों वाली पार्टी बहुजन विकास आघाड़ी के मुखिया हितेंद्र ठाकुर पहले ही कह चुके हैं कि हमारे लिए कोई

## मूसेवाला के जैसा होगा तुम्हारा हाल : धमकी वाले खत को लेकर सलमान खान ने पुलिस से क्या कहा?




**मुंबईः** अभिनेता सलमान खान ने मुंबई पुलिस को बताया कि उन्हें पिछले कुछ दिनों में कोई धमकी भरा कॉल या संदेश नहीं आया है. उन्होंने पुलिस को दिए अपने बयान में किसी के साथ हालिया विवाद से भी इनकार किया है. समाचार एजेंसी एएनआई ने मंगलवार को यह जानकारी दी. बॉलीवुड अभिनेता का बयान सोमवार शाम को दर्ज किया गया था. दरअसल, रविवार को सुबह की सैर के बाद सलीम खान बांद्रा बैंडस्टैंड में बेंच पर बैठे थे. उसी दौरान अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें एक पत्र दिया जिसमें उन्हें और सलमान को जान से मारने की धमकी दी गई है. बाद में सलीम खान ने अपने सुरक्षाकर्मी की मदद से पुलिस से संपर्क किया और बांद्रा थाने में इस संबंध में मामला दर्ज हुआ है. सोमवार को ही मुंबई पुलिस ने सलमान खान के पिता सलीम खान का भी बयान दर्ज किया था.

# शिवसेना ने अपने विधायकों को मुंबई होटल में शिफ्ट किया

**मुंबई।** राज्यसभा चुनाव के मद्देनजर शिवसेना ने अपने विधायकों को मुंबई के ट्राइडेंट होटल में शिफ्ट कर दिया है. दरअसल, 10 जून को राज्यसभा का चुनाव होने वाला है. महाराष्ट्र में खाली हुई सीटों से ज्यादा उम्मीदवारों के खड़ा होने से पेंच फंस गया है. महाराष्ट्र में कुल छह सीटें खाली हुई हैं लेकिन शिवसेना और बीजेपी ने एक-एक उम्मीदवार को ज्यादा खड़ा कर दिया है. क्रॉस वोटिंग के डर से पार्टियां अपने-अपने विधायकों को कभी रिजॉर्ट तो कभी होटलों में शिफ्ट करते रहे हैं.

ाजेपी-शिवसेना के बीच छठी सीट के लिए टक्कर दरअसल, इस बार 15 राज्यों में राज्यसभा के लिए 57 सीटों पर चुनाव होने वाला था. जिन राज्यों में सीटों के बराबर उम्मीदवार खड़े हुए वहां उन्हें निर्विरोध चुन लिया





गया लेकिन जिन राज्यों में सीट से ज्यादा उम्मीदवार खड़े हो गए हैं, वहां 10 जून को चुनाव कराए जाएंगे. 11 राज्यों से 41 उम्मीदवार निर्विरोध चुन लिए गए लेकिन 16 सीटों पर पेंच फंस गया. यानी चार राज्यों में खाली सीट से ज्यादा उम्मीदवार खड़े हो गए. इन राज्यों में चुनाव करवाना पड़ रहा है. हरियाणा, राजस्थान और महाराष्ट्र. महाराष्ट्र में राज्यसभा की 6 सीटें खाली हुई थी. 5 सीटों पर यहां से निर्विरोध चुन लिए जाएंगे लेकिन 6ठी सीट पर मामला फंस जाएगा क्योंकि शिवसेना और बीजेपी दोनों ने इस सीट के लिए अपना उम्मीदवार खड़े कर दिए हैं.दोनों दल छोटे दलों के सहारे शिवसेना से संजय पवार को अपना दूसरा कैंडिडेट बनाया है तो बीजेपी ने धनंजय महाडिक को तीसरा प्रत्याशी बनाया है. इन दोनों के भाग्य का फैसला राज्य के 29 विधायक करेंगे. बीजेपी ने तीन उम्मीदवारों को उतारा है. उसके दो उम्मीदवार आसानी से जीत जाएंगे. दो उम्मीदवारों को जीताने के बाद बीजेपी के पास 22 अतिरिक्त वोट बचेंगे.

# संपादकीय



संपादक - मुर्तुजा मामाजीवाला

## ऐसी बानी बोलिए मन का आपा खोय

कबीर का यह दोहा अनायास मन में गूंज रहा है। सचमुच, हमारी संस्कृति में पहले ही यह कहा गया है कि बोलने में संयम बहुत महत्वपूर्ण है। क्या बोल रहे हैं, कैसे बोल रहे हैं, किसको बोल रहे हैं। वक्त भी महत्वपूर्ण होता है, आपकी किसी से दोस्ती है, माहौल अच्छा है, तो आप कुछ गलत भी बोल जाते हैं, स्वीकार्य हो जाता है। पर जब परस्पर खाई बन रही हो, दूरी बन रही हो, नाराजगी बढ़ रही हो, तब छोटी-छोटी टिप्पणियां भी गंभीर हो जाती हैं। गलत बोला हुआ, गहरे घाव करने लगता है। यह बात जाहिर है कि पिछले कुछ समय से तनाव व दूरियां बढ़ रही हैं। सामाजिक और सांप्रदायिक तनाव बढ़ रहा है। नतीजतन, लोग गलत बोलते चले जा रहे हैं और माहौल बिगड़ता जा रहा है। अब नाराजगी हिन्दुस्तान से बाहर तक पहुंच गई है। समाज में लगातार ऐसा हो रहा है और शासन-प्रशासन इसे नजरंदाज कर रहा है, तो लोगों की नाराजगी बढ़ रही है। प्रवक्ता ने पहली बार ऐसा नहीं बोला था, जब प्रवक्ताओं ने ऐसा बोलना शुरू किया, तभी उनको रोकना चाहिए था। यह गैर-वाजिब व्यवहार है, जो लगातार चल रहा है। यह महत्वपूर्ण बात है कि सरसंघचालक ने चार दिन पहले ही इशारा किया था कि वह ज्ञानवापी मुद्दे को बढ़ाना नहीं चाहते, उस पर कोई आंदोलन नहीं करेंगे। लगभग यही बात 2019 में जब सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया था, तब प्रधानमंत्री ने भी कही थी। तब इतिहास को छोड़कर आगे बढ़ने की बात भी हुई थी। संघ ने भी कहा था कि मंदिर आंदोलन उसने चलाया जरूर था, लेकिन लोग अब इतिहास और गलतियों को भूल जाएं। इसके बाद भी लगातार तनाव बढ़ा है, जो पूरे देश को मथ रहा है। ज्ञानवापी ही नहीं, मथुरा, कुतुब मीनार, ताजमहल को लेकर भी अनेक बातें हो रही हैं। इन सबसे सामाजिक विभाजन बढ़ रहा है। मामला केवल बयानबाजी का नहीं है। पिछले दिनों लाउडस्पीकर हटाने की बात तब हुई, जब रमजान का महीना चल रहा था। हालांकि, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने जब लाउडस्पीकर हटाने के आदेश दिए, तब उन्होंने सबसे पहले अपने मठ से हटवाए। हम आमतौर पर यही कहते हैं कि नेतागण खुद वह नहीं करते, जिसकी नसीहत दूसरों को देते हैं। दुर्भाग्य से इसके बावजूद सामाजिक तनाव बढ़ा, क्योंकि रमजान के वक्त में लाउडस्पीकर हटाए गए। कश्मीर में लक्षित हत्या हो या बाकी देश में किसी को निशाना बनाए जाए की घटना, दोनों के प्रभाव-दुष्प्रभाव होते हैं। आखिर नूपुर शर्मा या नवीन कुमार जिंदल तक बात क्यों आई? प्रवक्ताओं की हिम्मत क्यों बढ़ी, यह भी देखना पड़ेगा। हिम्मत इसलिए भी बढ़ी, क्योंकि गांधी, गोडसे, धर्म को लेकर कुछ नेता अलग तरह की बयानबाजी करते रहे हैं। ऐसे पचास नाम हैं, जो हर दिन नफरत भरे भाषण देते रहते हैं। पार्टी कोई हो, बड़े लोग अगर नफरत भरे भाषण देंगे और उन पर कोई कार्रवाई नहीं होगी, तो प्रवक्ताओं तक क्या संदेश पहुंचता है? यहां गलतबयानी का विरोध न करना भी एक तरह से उसका समर्थन करना ही है।

बहुत सारे लोगों को यह लगने लगा है कि वे नफरत भरे भाषण देकर पार्टी में अपनी ताकत और लोगों में अपनी लोकप्रियता बढ़ा सकते हैं। नूपुर शर्मा दिल्ली विश्वविद्यालय की छात्रसंघ अध्यक्ष रही हैं, तो पढ़ी-लिखी हैं, लेकिन वास्तव में ऐसे लोग पार्टी में जल्दी से जल्दी जगह बनाने की होड़ में लगे हैं। कुछ विवादित बोलकर जल्दी से जल्दी ताकत अर्जित करने में कई लोग लगे हैं। सांसद नवनीत राणा भी यही कर रही हैं। आखिर किसी मुख्यमंत्री के घर के बाहर हनुमान चालीसा पढ़ने की कैसी जिद थी? यह तेजी से सस्ती लोकप्रियता हासिल करने की होड़ है। कई धर्म संरक्षक संगठन बनने लगे हैं। सबको अपने हिसाब से जल्दी से जल्दी अपनी जगह बनानी है। मजहबी मामलों में बड़े राजनेताओं को आखिर क्यों बोलना चाहिए.

# कश्मीरी हिंदुओं की सुरक्षा

## आतंकियों के खुले-छिपे समर्थकों पर भी बरती जाए सख्ती

कश्मीर में कश्मीरी हिंदुओं के साथ गैर कश्मीरियों को चुन-चुनकर निशाना बनाए जाने के खौफनाक सिलसिले को थामने के लिए जो तमाम कदम उठाए जा रहे हैं, उनकी सार्थकता तभी है, जब वे आतंकियों पर लगाम लगाने के साथ घाटी के अल्पसंख्यकों को सुरक्षित होने की अनुभूति कराएंगे। यह ठीक है कि घाटी में कार्यरत कश्मीरी हिंदुओं को तत्काल प्रभाव से सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करना शुरू कर दिया गया है, लेकिन आखिर इसकी क्या गारंटी कि ऐसे स्थान उनके लिए वास्तव में सुरक्षित साबित होंगे? यह प्रश्न इसलिए, क्योंकि पिछले कुछ समय से आतंकी कहीं भी किसी को भी निशाना बनाने में समर्थ दिख रहे हैं।




हाल के दिनों में आतंकियों ने तहसील, स्कूल, बैंक आदि में घुसकर हिंदुओं-सिखों को निशाना बनाया है। इसी कारण उनमें खौफ पैदा हुआ है और वे पलायन करने की तैयारी कर रहे हैं। कश्मीरी हिंदू किस तरह खौफजदा हैं, यह इससे समझा जा सकता है कि घाटी में कार्यरत जम्मू के कर्मचारी गृह जिलों में स्थानांतरण की मांग कर रहे हैं। मौजूदा माहौल में इस मांग को अनुचित नहीं कहा जा सकता, लेकिन यदि घाटी में कार्यरत कश्मीरी हिंदू जम्मू स्थानांतरित कर दिए जाते हैं, तो इससे आतंकियों के दुस्साहस को ही बल मिलेगा। स्पष्ट है कि कश्मीरी हिंदुओं की सुरक्षा के ठोस उपाय करने के साथ यह भी आवश्यक है कि आतंकियों के खुले-छिपे समर्थकों पर भी सख्ती बरती जाए.इसे स्वीकार किया जाना चाहिए कि आतंकियों को एक ओर जहां पाकिस्तान से सहयोग-समर्थन मिल रहा है, वहीं वे स्थानीय स्तर पर भी संरक्षण पा रहे हैं। स्थानीय लोग ही आतंकियों को यह बताते हैं कि कहां कौन कश्मीरी हिंदू कार्यरत है। जब तक ऐसे लोगों को सबक नहीं सिखाया जाएगा, तब तक बात बनने वाली नहीं है। आतंकियों के दुस्साहस का दमन करने के लिए उन कारणों की तह तक भी जाना होगा, जिसके चलते नित-नए आतंकी पैदा हो रहे हैं।

यह सही है कि आतंकियों का बड़े पैमाने पर सफाया किया जा रहा है और अधिकांश मामलों में उनकी ओर से किसी बड़ी वारदात को अंजाम दिए जाने के दो-तीन के अंदर ही उन्हें ढेर कर दिया जा रहा है, लेकिन आखिर क्या वजह है कि वे विषबेल की तरह बढ़ते ही जा रहे हैं? इन कारणों का निवारण करने के साथ सरकार को घाटी में कश्मीरी हिंदुओं को सुरक्षित रखने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार दिखना होगा। उचित यह होगा कि कश्मीरी हिंदुओं के लिए सुरक्षित कालोनियां बसाने के प्रस्ताव को जमीन पर उतारने का काम तेज किया जाए। इससे ही आतंकियों और उनके समर्थकों को सही संदेश जाएगा।

# राज्यसभा चुनाव में क्रास वोटिंग का डर

## शिवसेना ने अपने विधायकों को मलाड के होटल में शिफ्ट किया

**मुंबई:** राज्यसभा चुनाव से पहले शिवसेना के विधायकों को मुंबई के मलाड के एक होटल में शिफ्ट किया जा रहा है। बता दें कि उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच बसों से ले जाया जा रहा है। वहीं शिवसेना विधायक प्रकाश सुर्वे ने बताया कि पार्टी के विधायकों को मलाड से ट्राइडेंट होटल में शिफ्ट किया जा रहा है। इसके आगे उन्होंने कहा कि वहां पर विधायकों की बैठक होगी।दरअसल, महाराष्ट्र में छह सीटों के लिए यदि छह उम्मीदवार ही खड़े होते तो चुनाव की जरूरत नहीं पड़ती। लेकिन शिवसेना और भाजपा, दोनों दलों ने अपनी क्षमता से एक उम्मीदवार अधिक खड़े कर दिए हैं। इस बीच कांग्रेस ने महाराष्ट्र के बाहर से एक उम्मीदवार इमरान प्रतापगढ़ी को लाकर अपनी ही पार्टी में कलह आमंत्रित कर ली है। इसके लिए दोनों पक्षों की तरफ से कुछ प्रयास शुरू भी हुए। शुक्रवार सुबह महाविकास आघाड़ी की तरफ से वरिष्ठ नेता एवं राज्य सरकार में मंत्री छगन भुजबल भी ऐसा ही एक प्रस्ताव लेकर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष देवेंद्र फडणवीस के घर जा पहुंचे। लेकिन दोनों दलों ने एक-दूसरे के प्रस्ताव ठुकरा दिए।



# विधान परिषद चुनाव में भाजपा के सभी नौ प्रत्याशियों ने किया नामांकन

## ■ पार्टी कार्यालय से एक साथ पहुंचे विधान भवन


**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की 13 सीट पर 20 जून को होने वाले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के सभी नौ प्रत्याशियों ने आज नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। नामांकन के अंतिम दिन भाजपा के प्रत्याशी नरेन्द्र कश्यप कोरोना संक्रमित होने के कारण अपना नामांकन पत्र दाखिल नहीं कर सके। उनके प्रस्तावक ने उनका दाखिल किया। भाजपा ने मैदान में योगी आदित्यनाथ सरकार के सात मंत्रियों सहित नौ प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है। नामांकन करने के लिए सभी नौ प्रत्याशियों ने भाजपा कार्यालय से एक साथ विधान भवन में जाकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक तथा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह भी मौजूद थे। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के साथ ही कैबिनेट मंत्री चौधरी भूपेन्द्र सिंह, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर मिश्रा ह्यदयालुह्ल, जेपीएस राठौर, नरेन्द्र कश्यप, जसवंत सैनी, दानिश आजाद अंसारी तथा बनवारी लाल दोहरे व मुकेश शर्मा नामांकन करने के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्यालय से विधान भवन के सेंट्रल हाल हाल में इन सभी के नामांकन करने पहुंचे। इन सभी का निर्विरोध निर्वाचन तय हो जाएगा। इसी तरह चार सीटों पर समाजवादी पार्टी भी आसानी से जीत जाएगी। योगी आदित्यनाथ सरकार में मंत्री नरेन्द्र कश्यप कोरोना वायरस से संक्रमित होने के कारण नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। उनके स्थान पर उनके प्रस्तावक नामांकन पत्र दाखिल किया। नरेन्द्र कश्यप



लखनऊ में इन दिनों वीवीआइपी गेस्ट हाउस में आइसोलेशन में हैं। केशव प्रसाद मौर्य और पंचायती राज मंत्री भूपेंद्र चौधरी का विधान परिषद में कार्यकाल समाप्त हो रहा है, जबकि सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण मंत्री नरेन्द्र कश्यप, संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी, अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी और आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्र ह्यदयालुह्ल अभी तक किसी सदन के सदस्य नहीं हैं। भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को ही अपने नौ प्रत्याशियों का नाम फाइनल करने के बाद सूची जारी की थी। इन सभी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई देने के साथ ही विजय की शुभकामना भी दी थी। प्रदेश में विधान परिषद की 13 सीट के लिए 20 जून को मतदान होना है। भारतीय जनता पार्टी के नौ के साथ समाजवादी पार्टी के चार प्रत्याशी मैदान में हैं। विधायकों के संख्याबल के हिसाब से भाजपा के नौ तथा सपा के चार प्रत्याशियों की जीत तय है। समाजवादी पार्टी के चारों प्रत्याशियों ने अपना-अपना नामांकन पत्र बुधवार को ही दाखिल कर दिया था।

## एसआइटी को मिले उपद्रव में पेट्रोल बम चलने के सबूत

### सफाई करने वालों से भी की पूछताछ



**कानपुर।** नई सड़क उपद्रव मामले में एसआइटी (विशेष जांच दल) ने बुधवार को एक बार फिर मौका मुआयना किया। इस बार एसआइटी के साथ फोरेंसिक टीम भी थी, जिसने पूरे घटनास्थल का गहनता से निरीक्षण किया। दावा है कि पुलिस को उपद्रवियों के खिलाफ पुख्ता साक्ष्य मिले हैं। पेट्रोल बम चलने के सबूत भी मिले हैं।एसआइटी ने कई बार उपद्रव के घटनास्थलों का दौरा किया, लेकिन वह दिन में ही हुआ, जिस समय भीड़ काफी थी। मगर, बुधवार को एसआइटी फोरेंसिक की तीन टीमों को लेकर घटनास्थल पर पहुंची। फोरेंसिक की तीनों टीमों ने नई सड़क, दादा मियां का हाता, चंद्रेश्वर हाता और तलाक महल में गहन निरीक्षण किया। यहां पर पड़े पत्थरों को एकत्र किया। उन स्थलों की वीडियोग्राफी कराई, जहां पत्थर लगे थे।

## बिहार में कांग्रेस 24 घंटे में चौथी बार बदला पैंतरा विधान परिषद चुनाव का बदला पूरा गणित


**पटना।** बिहार विधान परिषद की सात सीटों के लिए हो रहे चुनाव को कांग्रेस ने पेचीदा बना दिया है। तीन दिनों में इस मसले पर कांग्रेस चार बाद अपना पैंतरा बदल चुकी है। विधान परिषद चुनाव की घोषणा के बाद से कांग्रेस ने इतने रंग दिखाए हैं कि राजनीति करने वाले सूरमा भी चकमा खा गए। मंगलवार की सुबह तक कांग्रेस विधान परिषद चुनाव में न्यूट्रल थी। शाम तक प्रवक्ता का बयान आया कि पार्टी अपना प्रत्याशी देने जा रही है। बुधवार को फिर कहा गया कि पार्टी अपना प्रत्याशी नहीं देगी। अब गुरुवार को कांग्रेस का नया रूख देखने को मिल रहा है। पार्टी की ओर से उम्मीदवार बताए जा रहे प्रद्युमन यादव ने नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए रसीद कटा ली है। दरअसल, कांग्रेस चाहती थी कि महागठबंधन की



ओर से प्रत्याशी तय किए जाएं तो उसे भी प्रतिनिधित्व मिले। लालू यादव और तेजस्वी यादव की ओर से तीन सीटों के लिए केवल राजद के ही उम्मीदवारों का एलान कर दिए जाने के बाद कांग्रेस ने नया पैंतरा लिया। कांग्रेस ने वाम दलों को साथ आने और एमएलसी चुनाव में प्रत्याशी देने का न्यौता दिया। वाम दलों ने जब इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी तो कांग्रेस दूसरे दलों के 15 विधायकों का समर्थन होने की बात कहकर प्रत्याशी देने की तैयारी में जुटी। बुधवार को कहा गया कि कांग्रेस बिहार विधान परिषद की सात सीटों के लिए हो रहे चुनाव में प्रत्याशी नहीं देगी। पार्टी आलाकमान क्रास वोटिंग के पक्ष में नहीं। लिहाजा उसने उम्मीदवार उतारने के फैसले पर विराम लगा दिया है। मंगलवार को बिहार कांग्रेस की ओर से दावा किया गया था कि पार्टी विधान परिषद की एक सीट पर अपना उम्मीदवार उतारेगी। पार्टी का दावा था कि उसके 19 विधायक है। इन विधायकों के अलावा दूसरे कई राजनीतिक दलों के नाराज विधायक परिषद चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में क्रास वोट करने की इच्छा जाहिर कर रहे हैं। दावा था कि नाराज विधायक राजद और जदयू दोनों दलों में हैं। इनकी संख्या 15-16 बताई जा रही थी। अन्य पार्टियों के नाराज विधायकों की सहमति के बाद कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व ने आलाकमान से प्रत्याशी उतारने की अनुमति मांगी थी।

## कविता

# कहै कबीर दीवाना-ओशो




अभी तो उस प्रेमी की खबर मिली है। एक हवा का झोंका आया है। प्रीति लागी तुम नाम की। अभी तो नाम सुना है। एक भनक पड़ी है।

यह कैसे लगती है नाम की प्रीति? क्योंकि जिसे देखा नहीं, जिसे जाना नहीं, जिसे पहचाना नहीं, जिसे कभी आलिंगन नहीं किया, जिसका कभी स्पर्श नहीं हुआ, उसकी प्रीति कैसे लगती है?

व्यक्तियों के जगत में, नंबर दो के प्रेम में तो जिस स्त्री को तुमने देखा हो, पहचाना हो, स्पर्श किया हो, उसकी ही प्रीति जाती है। कोई अपरिचित स्त्री, जो कहीं तिब्बत में हो, जिसका कुछ पता ही नहीं, न जिसकी तस्वीर देखी हो, या न कभी जिसे फिल्म में देखा हो, उससे तुम्हारा प्रेम होता है? कैसे होगा? नाम भी कोई बता दे, तो भी क्या सुन कर प्रेम हो जाएगा? फिर परमात्मा का प्रेम कैसे लता है? प्रीति लागी तुम नाम की--यह घटना घटती है? यह अनघट घटना कैसे घटती है? **जारी...**

# नींद भगाने के लिए खाएं ये 5 हेल्दी फूड्स, आलस और थकान होगी दूर

क्या रातभर सोने के बाद भी सुबह आपको काफी ज्यादा नींद लगी होती है? क्या सुबह आपको आलस भगाने के लिए एक्स्ट्रा कप कॉफी की जरूरत होती है? अगर हां, तो इसके लिए आपको कॉफी या चाय की नहीं, बल्कि हेल्दी आहार की जरूरत है। जी हां, सुबह की नींद या फिर काम के वक्त नींद आने को भगाने के लिए ढेरों कप कॉफी या चाय पीने के बजाय हेल्दी आहार का चुनाव करें। इससे आप अपनी नींद को भगा सकते हैं। आज हम आपको इस लेख में कुछ ऐसे आहार के बारे में बताएंगे, जिससे आप अपनी नींद को भगा सकते हैं। आइए जानते हैं नींद भगाने के लिए क्या खाएं? भरपूर नींद लेने के बावजूद अगर आपको सुबह या काम के वक्त नींद आती है, तो इस स्थिति में अपने आहार में एवोकाडो को शामिल करें। एवोकाडो के सेवन से नींद को भगाने में मदद मिलेगी। दरअसल, एवोकाडो में विटामिन, खनिज और हेल्दी फैट होता है, जो आपके शरीर को ऊर्जा प्रदान करता है। वहीं, इसमें फाइबर की भी अधिकता होती है, जो आपके शरीर में शुगर के स्तर को कम करता है। सुबह के प्लेट में अगर आप एवोकाडो को शामिल करते हैं. तो आप पूरे दिन एनर्जेटिक रहेंगे। साथ ही आपकी नींद भी भागेगी।



# सोनम कपूर ने बर्थडे पर कराया हॉट फोटोशूट



बॉलीवुड की फैशनिस्टा यानी सोनम कपूर आज अपना 37वां जन्मदिन मना रही हैं। अनिल कपूर की बड़ी बेटी सोनम इंडस्ट्री का एक जाना माना नाम हैं। सोनम ने अपने करियर में कई फिल्मों में काम किया हैं। वो एक्टिंग के साथ ही अपने ड्रेसिंग सेंस और बोल्ड लुक के चलते भी चर्चा में बनीं रहती हैं। सोनम जल्द ही मां बनने वाली हैं। सोनम और उनके पति आनंद आहूजा इन दिनों अपने आने वाले बच्चे का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। प्रेग्नेंसी पीरियड के दौरान भी सोनम कपूर अपनी हॉटनेस का जलवा दिखेर रही हैं। सोनम ने अपने बर्थडे पर बेबी बंप फ्लॉन्ट करते हॉट फोटोशूट कराया है, उनकी ये तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। यहां देखें तस्वीरें प्रेग्नेंट सोनम कपूर ने इंस्टाग्राम आकउंट पर अपने जन्मदिन पर एक बेदह ही हॉट फोटो शेयर की है। इस तस्वीर में हमेशा की तरह ही सोनम ने अपने लुक से हर किसी का ध्यान खींचा है। फोटो में सोनम व्हाइट कलर की ड्रेस में दिख रही हैं। वहीं आप देख सकते हैं कि सोनम ने लॉन्ग स्कर्ट के साथ डिजाइनर ब्लाउज पहना हुआ है। इस ड्रेस मेंमोतियों का काफी अच्छा काम किय गया है, जो इस ड्रेस को और भी खूबसूरत बना रहा है। वहीं इस ड्रेस में सोनम का बेबी बंप साफ देखा जा सकता है। इस तस्वीर में सोनम अलग अलग अंदाज में पोज दे रही हैं। एक्ट्रेस की इस तस्वीर को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। वहीं इस पर कमेंट कर फैंस उनके लुक की तारीफ तो कर ही रहे हैं। साथ ही उन्हें जन्मदिन की ढेरों बधाई भी दे रहे हैं। अबतक इन फोटोज का काफी बार देखा जा चुका है।आपको बता दें कि सोनम कपूर और आनंद आहूजा ने इसी साल मार्च 2022 में बेबी बंप फ्लॉन्ट करती हुई तस्वीर को पोस्ट कर फैंस को खुशखबरी दी थी। इसके साथ ही उन्होंने एक कैप्शन में लिखा था, ह्चार हाथ, आपको सबसे अच्छी तरह से उठाने के लिए हैं, दो दिल, वह आपके साथ, हर कदम पर एक सुर में होगा। एक परिवार, जो आपको प्यार और समर्थन से सराबोर कर देगा। हम आपका स्वागत करने के लिए इंतजार नहीं कर सकते।ह्व इस तस्वीर पर सोनम और आनंद को फैंस ही नहीं बल्कि स्टार्स ने भी जमकर बधाई दी थी।

# रिषभ पंत की कप्तानी में T20कमें एक नया रिकार्ड बनाने साउथ अफ्रीका के खिलाफ उतरेगी टीम इंडिया



**नई दिल्ली।** रिषभ पंत आइपीएल में अपनी टीम दिल्ली कैपिटल्स के लिए काफी मैचों में कप्तानी कर चुके हैं और अब उनकी कप्तानी का टेस्ट साउथ अफ्रीका के खिलाफ दिल्ली में होने वाले पहले टी20 इंटरनेशनल मैच में साउथ अफ्रीका के खिलाफ होना है। रिषभ पंत पहली बार टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में टीम इंडिया की कप्तानी करने जा रहे हैं। पंत की ये कोशिश होगी कि वो अपने घरेलू मैदान पर घरेलू प्रशंसकों के सामने भारतीय टीम को जीत दिलाएं और अगर बतौर कप्तान वो ऐसा करने में कामयाब हो जाते हैं तो टीम इंडिया के नाम पर एक बड़ा वर्ल्ड रिकार्ड दर्ज हो जाएगा। भारतीय क्रिकेट टीम ने अब तक लगातार 12 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले जीते हैं और वो अफगानिस्तान और रोमानिया के साथ बराबरी पर है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहला टी20 मैच जीतते ही भारत इन दोनों देशों से आगे निकल जाएगा और लगातार सबसे ज्यादा टी20 मैच (13 मैच) जीतने वाला दुनिया का पहला देश बन जाएगा। रिषभ पंत की कप्तानी में भारत के पास इस शानदार रिकार्ड को अपने नाम करने का बेजोड़ मौका है।

आपको बता दें कि दिल्ली में होने वाले पहले मुकाबले से ठीक पहले कप्तान केएल राहुल चोटिल हो गए थे जिनकी जगह रिषभ पंत को कप्तान तो वहीं हार्दिक पांड्या को टीम का उप-कप्तान बनाया गया है। प्रोटियाज के खिलाफ होने वाले पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह को आराम दिया गया है। रिषभ पंत (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, इशान किशन, दीपक हुड्डा, श्रेयस अय्यर, दिनेश कार्तिक, हार्दिक पांड्या, वेंकटेश अय्यर, युजवेंद्रा सिंह चहल, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल, आवेश खान, अर्शदीप सिंह, उमरान मलिक। दक्षिण अफ्रीका : तेम्बा बावुमा (कप्तान), क्विंटन डिकाक (विकेटकीपर), रीजा हेंड्रिक्स, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, एडेन मार्करैम, डेविड मिलर, लुंगी नगिदी, एनरिक नार्त्जे, वेन पार्नेल, ड्वेन प्रिटोरियस, कैगिसो रबादा, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स, रासी वेन डेर डुसेन, मार्को जेनसेन है।

## आस्ट्रेलिया को लगा झटका, तीसरे टी20 से बाहर हुए तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क



**नई दिल्ली।** श्रीलंका दौरे पर गई आस्ट्रेलिया टीम को तीसरे टी20 से पहले बड़ा झटका लगा है। दरअसल टीम का स्टार गेंदबाज मिचेल स्टार्क चोट के कारण तीसरे टी20 से बाहर हो गया है। पहले टी20 के दौरान उनके बाएं हाथ की तर्जनी में चोट लग गई थी। खबर यह है कि उनकी अंगुली में 6 टांके लगे हैं। क्रिकेट आस्ट्रेलिया की तरफ से गुरुवार को इस खबर की पुष्टि कर दी गई। दूसरे टी20 मैच में उनके स्थान पर आस्ट्रेलिया की टीम में झाई रिचर्डसन को शामिल किया गया था। उन्होंने उस मैच में शानदार गेंदबाजी का परिचय देते हुए 4 ओवर में 26 रन देकर 3 विकेट हासिल किए थे। हालांकि वनडे मैचों के लिए भी उन्हें टीम में शामिल कर लिया गया हैऐसा बताया जा रहा है कि चोट को ठीक होने में कम से कम सात दिन और शायद अधिक समय की आवश्यकता होगी। अगर सबकुछ ठीक रहा था तो वनडे सीरीज में वो वापसी कर सकते हैं। हालांकि उनके चोट को लेकर कुछ तय नहीं है। रिचर्डन आस्ट्रेलिया की ए टीम में शामिल थे जिसने श्रीलंका ए के खिलाफ चार अनौपचारिक वनडे मैचों की सीरीज में थे जहां पहले मैच में आस्ट्रेलिया को 7 विकेट से जीत मिली थी।

## मुंबई ने 725 रन से उत्तराखंड को हराकर बना डाला वर्ल्ड रिकार्ड

**नई दिल्लीः** रणजी ट्राफी 2022 के दूसरे क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मुंबई का सामना उत्तराखंड के साथ हुआ। इस मैच में मुंबई ने 725 रन से जीत दर्ज की और नया वर्ल्ड रिकार्ड बना डाला। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में किसी भी टीम ने इतने बड़े रनों के अंतर से अब तक जीत दर्ज नहीं की थी। पृथ्वी शा की कप्तानी में मुंबई ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली है।मुंबई की टीम इस मैच में पूरी तरह से उत्तराखंड पर हावी नजर आई और पहली पारी में इस टीम ने सुवेद पारकर के 252 रन यानी दोहरे शतक और सरफराज खान की 153 रन की पारी के दम पर 8 विकेट पर 647 रन बनाकर पारी की घोषणा कर दी। पहली पारी में शम्स मुलानी ने भी शानदार



योगदान दिया और 59 रन बनाए।

वहीं उत्तराखंड की टीम पहली पारी में 114 रन पर आल आउट हो गई। पहली पारी में मुंबई की तरफ से शम्स मुलानी ने शानदार 5 विकेट लिए। इस तरह से मुंबई को पहली पारी में 533 रन की बढ़त मिली। इसके बाद एक बार फिर से मुंबई ने दूसरी पारी में यशस्वी जयसवाल के 130 रन की शतकीय पारी साथ ही कप्तान पृथ्वी शा के 72 रन और आदित्य तारे के 57 रन की पारी के दम पर 3 विकेट पर 261 रन बनाए।

# उद्धव ठाकरे ने की मोहन भागवत की तारीफ

## हिंदुत्व के मुद्दे को लेकर बीजेपी पर साधा निशाना

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एवं शिवसेना के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत के उस वक्तव्य की सराहना की है, जिसमें भागवत ने कहा था कि हर मस्जिद में शिवलिंग देखने की जरूरत नहीं है। मोहन भागवत ने पिछले सप्ताह संघ के स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा था कि हर मस्जिद में शिवलिंग देखने की जरूरत नहीं है। ज्ञानवापी एवं काशी विश्वनाथ से जुड़े सभी पक्षों को साथ बैठकर आपसी बातचीत से यह मसला सुलझाना चाहिए।

आज ( बुधवार) औरंगाबाद में अपनी पार्टी की एक विशाल सभा को संबोधित करते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा कि मोहन भागवत ने जो कहा, मैं उसकी सराहना करता हूं। बता दें कि 14 मई को मुंबई में हुई अपनी रैली में ठाकरे ने यह कहकर संघ की आलोचना की थी कि आजादी की लड़ाई में उसका कोई योगदान नहीं रहा है। आज अपने 50 मिनट के संबोधन में उद्धव ने हिंदुत्व के मुद्दे पर बोलते हुए कहा कि हम सांस भी हिंदुत्व की ही लेते हैं। लेकिन मुझे याद आती है उनकी बात कि धर्म को अपने घर पर रखकर आना चाहिए। उन्होंने हमें कभी मुस्लिमों और इस्लाम से नफरत करना नहीं सिखाया। बता दें 10 जून को राज्य में होने जा रहे राज्यसभा के चुनाव से पहले मुस्लिमों के समर्थन वाली समाजवादी पार्टी के मुखिया अबू आसिम आजमी ने उन्हें पत्र लिखकर मुस्लिमों से जुड़े कई मुद्दों पर उनसे जवाब मांगा है, और कहा है कि वह महाविकास आघाड़ी की कार्यशैली से बहुत संतुष्ट नहीं हैं। उद्धव ने भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा की इशारा करते हुए कहा कि भाजपा के फालतू प्रवक्ताओं के कारण हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शर्मिंदगी का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक कि हमारे प्रधानमंत्री की तस्वीर तक कूड़ेदान में फेंकी जा रही है। राजनीतिक विरोध अपनी जगह है। लेकिन वह हमारे प्रधानमंत्री हैं। इसी के साथ उद्धव ने कहा कि हमें यह समझ लेना चाहिए कि भाजपा के विचार पूरे देश का विचार नहीं हो सकता।



URGENTLY REQUIRED FEMALE STAFF

VACANCY VACANCY

ICON OPTICAL GALLERY

Urgently Required Female Staff Accountant Cum Sales Girl For Counter Sell.

Note : Must Have Computer Operating Knowledge

Contact Us : 9819292152

Shop No. 52, R.N.A. Arcade, Lokhandwala Complex, Andheri (West), Mumbai - 400 053

murtaza12152@yahoo.com

TASNEEM COLLECTION

Online Shopping Hub

Only of Ladies Bags, Kurtis, Accessories

Kitchen & Household items

Baby products

Plastic items

And much more......all under one roof

Best business apportunity for housewives to become reseller & earn at zero investment

RH 1, C 26 row house number, Swamy Ayyappam temple road, Sector. 8, New Mumbai, Vashi-400 703

Farida Rampurawala : 8898065152

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक – मुर्तुजा मामाजीवाला के द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, युनिट नं. 4, ग्राउंड फ्लोअर, एन. के इंडस्ट्रिअल इस्टेट, ऑफ आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रिअल इस्टेट के पास, गेट नं. 2, गोरेगाव (पूर्व),मुंबई - 400063 से मुद्रित कर शिव वातुक सेना कासिम नगर नियर लक्ष्मी इस्टेट न्यू लिंक रोड, अंधेरी (प),मुंबई -400053 प्रकाशित। संपादक: मुर्तुजा मामाजीवाला मों. 9819199997

T.C. NO. MAHHIN10172 ■ ईमेल: newsicon2021@gmail.com ■ newsicon.net